भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 53**
दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**राजस्थान में पेयजल परियोजनाएं**

***53. श्री राजकुमार रोतः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले जिलों में सरकार द्वारा अनुमोदित पेयजल परियोजनाओं की लागत का राज्य, वर्ष, संख्या और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त क्षेत्र में स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति का कार्यकलाप-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या राजस्थान में पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुसूचित क्षेत्रों के लिए स्वीकृत पेयजल परियोजनाओं को वास्तव में अभी तक कार्यान्वित नहीं किया गया है; और
(घ) यदि हाँ, तो परियोजना-वार उक्त परियोजनाओं को वास्तव में कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी आर पाटिल)

(क) से (घ): उत्तर का विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**श्री राजकुमार रोत द्वारा राजस्थान में पेयजल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *53 के संबंध में भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) और (ख): भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को नियमित एवं दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में, निर्धारित गुणवत्ता वाला और सुरक्षित एवं पीने योग्य नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, भारत सरकार ने अगस्त 2019 में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किए जाने वाले जल जीवन मिशन (जेजेएम) का शुभारंभ किया। जेजेएम कवरेज में समानता सुनिश्चित करने के लिए सेवा वितरण पर विशिष्ट ध्यान के साथ एक सार्वभौमिक कवरेज वाले दृष्टिकोण का पालन करता है। इस प्रकार, जल जीवन मिशन के शुभारंभ के बाद से देश में ग्रामीण परिवारों तक नल जल की सुविधा बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त, 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत में, केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 23.07.2024 तक, अब तक लगभग 11.76 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इस प्रकार, 23.07.2024 तक देश के 19.32 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 15 करोड़ (77.65%) ग्रामीण परिवारों के घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

इसके अलावा, जेजेएम के तहत देश में पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग परियोजनाओं/स्कीमों का जिला-वार विवरण भारत सरकार के स्तर पर नहीं रखा जाता है। तथापि, 23.07.2024 तक देश में एसटी बहुल क्षेत्रों में ग्रामीण परिवारों को प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ): राजस्थान सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों के लिए कुल 20 पेयजल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन 20 परियोजनाओं में से 13 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है, 6 परियोजनाएं बोली प्रक्रिया के अंतर्गत हैं तथा 1 परियोजना वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया के अंतर्गत है। इन परियोजनाओं का विवरण तथा उनके पूर्ण होने की संभावित समय-सीमा **अनुबंध- II** में दी गई है।

*****

अनुबंध-I

## एसटी बहुल क्षेत्रों में राज्य-वार एफएचटीसी कवरेज

23.07.2024 की स्थिति के अनुसार

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल परिवार (एचएच) | नल कनेक्शन वाले परिवार | कवरेज (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 6,175 | 6,175 | 100% |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,68,173 | 2,99,291 | 63.9% |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,98,288 | 1,98,288 | 100% |
| 4 | असम | 10,74,791 | 8,00,810 | 74.5% |
| 5 | बिहार | 1,09,171 | 1,07,594 | 98.6% |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 21,78,464 | 15,94,029 | 73.2% |
| 7 | दादरा नगर हवेली एवं दमण व दीव | 34,589 | 34,589 | 100% |
| 8 | गोवा | 21,432 | 21,432 | 100% |
| 9 | गुजरात | 20,50,293 | 20,50,293 | 100% |
| 10 | हरियाणा | 428 | 428 | 100% |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 83,048 | 83,048 | 100% |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 2,45,264 | 1,85,485 | 75.6% |
| 13 | झारखंड | 22,39,499 | 12,92,810 | 57.7% |
| 14 | कर्नाटक | 4,87,482 | 4,01,451 | 82.4% |
| 15 | केरल | 19,024 | 6,891 | 36.2% |
| 16 | लद्दाख | 40,808 | 38,054 | 93.3% |
| 17 | लक्षद्वीप | 13,370 | 11,932 | 89.2% |
| 18 | मध्य प्रदेश | 29,69,481 | 17,59,322 | 59.2% |
| 19 | महाराष्ट्र | 17,49,165 | 12,66,996 | 72.4% |
| 20 | मणिपुर | 2,27,739 | 1,80,927 | 79.4% |
| 21 | मेघालय | 6,15,654 | 4,93,068 | 80.1% |
| 22 | मिजोरम | 1,32,815 | 1,32,815 | 100% |
| 23 | नागालैंड | 3,61,766 | 3,31,572 | 91.7% |
| 24 | ओडिशा | 24,44,893 | 17,45,223 | 71.4% |
| 25 | राजस्थान | 17,40,466 | 5,07,260 | 29.1% |
| 26 | सिक्किम | 52,641 | 48,310 | 91.8% |
| 27 | तमिलनाडु | 1,12,783 | 93,210 | 82.6% |
| 28 | तेलंगाना | 6,82,242 | 6,82,242 | 100% |
| 29 | त्रिपुरा | 3,18,509 | 2,47,602 | 77.7% |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 1,11,288 | 89,187 | 80.1% |
| 31 | उत्तराखंड | 55,031 | 53,457 | 97.1% |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 7,48,589 | 3,48,147 | 46.5% |
| | | | | |

**अनुबंध- II**

राजस्थान में अनुसूचित क्षेत्रों के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत पेयजल परियोजनाएं

| क्र.सं. | स्वीकृत वर्ष | जिले का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में) | परियोजना की स्थिति (पूर्ण/चालू/बोली के अंतर्गत) | पूर्ण करने की संभावित तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | चित्तौड़गढ़ | ब्लॉक भैंसरोडगढ़, जिला चित्तौड़गढ़ के 38 गांवों की क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजना | 81.99 | जारी | मार्च, 2026 |
| 2 | 2021-22 | चित्तौड़गढ़ | चंबल नदी से चित्तौडगढ़ जिले के (ब्लॉक बेगूं-142, भैंसरोडगढ़ -82, गंगरार-98, चित्तौड़गढ़-215, भदेसर-45 एवं निम्बाहेड़ा-66) 648 गांवों की जलापूर्ति योजना | 2245.72 | जारी | जून, 2025 |
| 3 | 2021-22 | डूंगरपुर | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सतही जल स्रोत सोम कमला आम्बा बांध से पंचायत समिति आसपुर, साबला एवं दौरा के 61 गांवों के लिए वृहद पेयजल परियोजना का नवीनीकरण कार्य। | 104.49 | जारी | दिसंबर, 2024 |
| 4 | 2021-22 | डूंगरपुर | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सतही जल स्रोत सोम कमला आंबा बांध से पंचायत समिति आसपुर, दौरा, साबला और डूंगरपुर के 151 गांवों के लिए वृहद पेयजल परियोजना का नवीनीकरण कार्य। | 159.79 | जारी | दिसंबर, 2024 |
| 5 | 2021-22 | डूंगरपुर | जल जीवन मिशन के अंतर्गत बेणेश्वर एनीकट से भूमिगत सतही जल स्रोत तक पंचायत समिति सागवाड़ा व साबला के 212 गांवों तथा सागवाड़ा सिटी के लिए पेयजल परियोजना । | 427.69 | बोली प्रक्रिया के अंतर्गत | जून, 2026 |
| 6 | 2021-22 | डूंगरपुर | जल जीवन मिशन के तहत कडाना बैकवाटर से चिखली, झोथरी, गलियाकोट एवं सीमलवाड़ा के 353 गांवों में पेयजल परियोजना। | 885.56 | बोली प्रक्रिया के अंतर्गत | जून, 2026 |
| 7 | 2021-22 | बांसवाड़ा | सुरवानिया बांध से ब्लॉक बागीदौरा, बांसवाड़ा व तलवाड़ा के 82 गांवों में जलापूर्ति परियोजना का नवीनीकरण कार्य | 130.04 | जारी | दिसंबर, 2024 |

| क्र.सं. | स्वीकृत वर्ष | जिले का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में) | परियोजना की स्थिति (पूर्ण/चालू/बोली के अंतर्गत) | पूर्ण करने की संभावित तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2021-22 | बांसवाड़ा | बांसवाड़ा जिले के ब्लॉक बांसवाड़ा छोटी सारवन और प्रतापगढ़ जिले पीपलखूंट ब्लॉक के 345 गाँवों और 107 ढ़ाणियों की जलापूर्ति परियोजना का नवीनीकरण कार्य | 430.85 | जारी | जून, 2025 |
| 9 | 2021-22 | बांसवाड़ा | बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ सज्जनगढ़ ब्लॉक के 399 गांवों में जलापूर्ति परियोजना का रेट्रोफिटिंग कार्य | 211.6 | जारी | जून, 2025 |
| 10 | 2021-22 | बांसवाड़ा | माही बांध से बांसवाड़ा जिले के 250 गांवों (घाटोल ब्लॉक के 238 गांव और बांसवाड़ा ब्लॉक के रास्ते के 12 गांव) जलापूर्ति परियोजना का नवीनीकरण कार्य | 620.76 | बोली प्रक्रिया के अंतर्गत | जून, 2026 |
| 11 | 2021-22 | बांसवाड़ा | झेर एनीकट से बांसवाड़ा जिले के 233 गांवों (गंगातलाई- 97 और आनंदपुरी-136) का डब्ल्यूएसपी का नवीनीकरण कार्य | 710.42 | बोली प्रक्रिया के अंतर्गत | जून, 2026 |
| 12 | 2021-22 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ जिले के ब्लॉक प्रतापगढ़, अरनोद और पीपलखूंट के 524 गांवों के लिए पेयजल आपूर्ति परियोजना | 1062.77 | बोली प्रक्रिया के अंतर्गत | अक्तूबर, 2026 |
| 13 | 2021-22 | उदयपुर | सोम कमला अम्बा बांध से उदयपुर जिले के ब्लॉक झल्लारा -119, सलूम्बर -90, लसाडिया-62, कुराबड़-66, एवं सामरी-30 के 367 गांवों के लिए जल आपूर्ति परियोजना | 676.73 | बोली प्रक्रिया के अंतर्गत | जून, 2026 |
| 14 | 2020-21 | पाली | जीवन मिशन के तहत पाली जिले की सोजत तहसील की 10 ग्राम पंचायतों के 34 गांवों को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए जलापूर्ति परियोजना | 146.85 | जारी | 30.09.2024 |
| 15 | 2020-21 | पाली | जल जीवन मिशन के तहत पाली जिले के 224 गांवों को एफएचटीसी प्रदान करने के लिए जवाई क्लस्टर IV परियोजना, जलापूर्ति परियोजना | 230.02 | जारी | 30.09.2024 |
| 16 | 2021-22 | पाली | जेजेएम के तहत पाली जिले के 99 गांवों के लिए एफएचटीसी उपलब्ध | 127.85 | जारी | 06.01.2025 |

| क्र.सं. | स्वीकृत वर्ष | जिले का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में) | परियोजना की स्थिति (पूर्ण/चालू/बोली के अंतर्गत) | पूर्ण करने की संभावित तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कराने के लिए जवाई कलस्टर-I जलापूर्ति परियोजना का उन्नयन कार्य | | | |
| 17 | 2021-22 | पाली | जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाली जिले के रोहट ब्लॉक के 71 गांवों में एफएचटीसी उपलब्ध कराना | 199.02 | जारी | 15.12.2024 |
| 18 | 2020-21 | सिरोही | जल जीवन मिशन के तहत सिरोही जिले की शिवगंज तहसील के 68 गांवों को एफएचटीसी उपलब्ध कराने के लिए जवाई बांध आधारित जल आपूर्ति परियोजना | 294.09 | जारी | 06.04.2025 |
| 19 | 2020-21 | सिरोही | जल जीवन मिशन के तहत सिरोही जिले के तीन शहरों, 36 एमएच और 25 ओएच के लिए एफएचटीसी प्रदान करने हेतु जिला सिरोही के बत्तीसा बांध जलापूर्ति परियोजना का प्रस्ताव | 408.24 | जारी | 06.04.2025 |
| 20 | 2023-24 | चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद और उदयपुर | जाखम बांध से चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद और उदयपुर जिले के 1473 गांवों को एफएचटीसी प्रदान करने के लिए जलापूर्ति परियोजना | 3645.56 | वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया के तहत | - |